University Information & Technology Centre (UITC)

भारत सरकार में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी संबंधी कार्यों के संचालन हेतु National Informatics Centre (NIC) तथा राजस्थान सरकार में Department of Information Technology & Communication (DoIT&C) कार्यरत हैं। इसी प्रकार महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में यह आवश्यकता अनुभव की गई कि विश्वविद्यालय की समस्त सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं, डिजिटल अवसंरचना, नेटवर्क, सूचना सुरक्षा एवं ई-गवर्नेंस संबंधी कार्यों के संचालन, समन्वय एवं विकास हेतु एक समर्पित एवं केंद्रीकृत इकाई स्थापित की जाए।

इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय में University Information & Technology Centre (UITC) की स्थापना की गई है। UITC विश्वविद्यालय की केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी इकाई के रूप में कार्य करते हुए विभिन्न विभागों, संकायों एवं प्रशासनिक कार्यालयों को तकनीकी सहायता एवं डिजिटल सेवाएँ प्रदान करता है। इसका उद्देश्य सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित समस्त कार्यों को एकीकृत, सुरक्षित, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से संचालित करना है।

विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी कार्यों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं विशेषज्ञतापूर्ण निष्पादन को सुनिश्चित करने हेतु UITC Advisory Committee (सलाहकार समिति) का गठन भी किया गया है। समिति में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों यथा NIC, DOIT, NIELIT से तकनीकी विशेषज्ञों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। यह समिति विश्वविद्यालय की सूचना प्रौद्योगिकी परियोजनाओं, नेटवर्क एवं ICT अवसंरचना, हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर आवश्यकताओं, तकनीकी निविदाओं एवं प्रस्तावों के परीक्षण, मूल्यांकन तथा अनुशंसाओं का कार्य करती है।

विश्वविद्यालय में डिजिटल पहचान संरक्षण, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, OSINT आधारित निगरानी एवं डिजिटल ब्रांड संरक्षण संबंधी गतिविधियों के लिए पृथक रूप से University Digital Communication & Cyber Monitoring Cell का गठन किया गया है, जिसे UITC आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करता है।

प्रमुख कार्य

- विश्वविद्यालय की ICT अवसंरचना का विकास, संचालन एवं प्रबंधन।
- इंटरनेट, नेटवर्क एवं Wi-Fi सेवाओं का संचालन एवं रख-रखाव।
- नेटवर्क एवं सूचना सुरक्षा (Network & Information Security) सुनिश्चित करना।
- फायरवॉल, एक्सेस कंट्रोल, बैकअप एवं अन्य सुरक्षा प्रणालियों का प्रबंधन।
- विश्वविद्यालय में ई-ऑफिस, ई-फाइल एवं अन्य ई-गवर्नेंस प्रणालियों का तकनीकी प्रबंधन।
- विभिन्न विभागों एवं प्रशासनिक इकाइयों को तकनीकी परामर्श एवं सहायता प्रदान करना।

- सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी परियोजनाओं की योजना, परीक्षण, मूल्यांकन एवं क्रियान्वयन ।
- अन्य ICT संसाधनों व सेवाओं का संचालन, मानकीकरण एवं सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुपालन हेतु अनुशंसाएँ प्रदान करना ।